मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

संपादक: छोटेलाल शर्मा

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 11 ■ अंक -11 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 04 दिसंबर से 10 दिसंबर 2023 ■ पृष्ठ : 04 ■ कीमत : 3 /- रुपये

## एकनाथ शिंदे से राज ठाकरे के मिलने का क्या है मकसद

# महाराष्ट्र में सियासी हलचल तेज

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने आज मुंबई में सीएम एकनाथ शिंदे से उनके आवास पर मुलाकात की। राज ठाकरे ने सीएम से मुलाकात के बाद कई बाते रखीं। ठाकरे ने अनिवार्य मराठी साइनबोर्ड लागू करने और टोल बूथ मुद्दे पर चर्चा की। हालांकि, माना जा रहा है कि दोनों के बीच कुछ राजनीतिक मुद्दों पर भी बातचीत हुई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दावा किया है कि उनके नेतृत्व वाली शिवसेना, अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और भाजपा का सत्तारूढ़ गठबंधन राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से कम से कम 45 सीटें जीतेगा। शिंदे ने इसी के साथ ये भी कहा कि महाराष्ट्र की सरकार



चला रहा महागठबंधन लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ में लड़ेगा और लोकसभा चुनाव में 45 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेगा। मुख्यमंत्री ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि इस सप्ताह की शुरूआत में बेमौसम बारिश के कारण फसल बर्बाद करने वाले किसानों को पंचनामा या स्पॉट निरीक्षण रिपोर्ट तैयार होने के बाद मुआवजा दिया जाएगा। इस बीच शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट से हिंगोली के सांसद हेमंत पाटिल ने कहा कि सभी 13 सेना सांसद जो मुख्यमंत्री का समर्थन करते हैं, वो 2024 में फिर से लोकसभा का टिकट पाएंगे।

# 4 दिसंबर को महाराष्ट्र जाएंगे पीएम मोदी

## शिवाजी की प्रतिमा का करेंगे अनावरण, नौसेना दिवस समारोह में भी होंगे शामिल...

**मुंबई :** पीएम मोदी 4 दिसंबर को महाराष्ट्र के दौरे पर जाएंगे. इस दौरान प्रधानमंत्री सिंधुदुर्ग के राजकोट किले में शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे. अपने इस दौरे पर पीएम सिंधुदुर्ग, महाराष्ट्र में नौसेना दिवस 2023 समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 4 दिसंबर, 2023 को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे. आधिकारिक बयान के अनुसार, लगभग 4:15 बजे प्रधान मंत्री महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग पहुंचेंगे और राजकोट किले



में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण करेंगे. उसके बाद, प्रधान मंत्री सिंधुदुर्ग में 'नौसेना दिवस 2023' समारोह के कार्यक्रम में भाग लेंगे. प्रधानमंत्री तारकरली समुद्र तट, सिंधुदुर्ग से भारतीय नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष बलों के 'ऑपरेशनल प्रदर्शन' को भी देखेंगे. हर साल 4 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है. सिंधुदुर्ग में 'नौसेना दिवस 2023' समारोह छत्रपति शिवाजी महाराज की समृद्ध समुद्री विरासत को श्रद्धांजलि देता है.

जिसे पिछले साल अपनाया गया था जब प्रधानमंत्री ने पहले स्वदेशी विमान वाहक आईएनएस विक्रांत को शुरू किया था. हर साल नौसेना दिवस के अवसर पर भारतीय नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष बलों द्वारा 'ऑपरेशनल प्रदर्शन' आयोजित करने की परंपरा है. ये 'ऑपरेशनल प्रदर्शन' लोगों को भारतीय नौसेना द्वारा किए गए मल्टी-डोमेन ऑपरेशन के विभिन्न पहलुओं को देखने का अवसर प्रदान करते हैं. यह जनता के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति नौसेना के योगदान पर प्रकाश डालता है, साथ ही नागरिकों के बीच समुद्री चेतना की भी शुरूआत करता है.

# 9 दिसंबर को जुटेंगे देश भर के कारपेंटर

**मुंबई।** भवन निर्माण व आंतरिक साज-सज्जा से जुड़े कारीगरों की सामाजिक संस्था कारपेंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन का वार्षिक कारपेंटर महासम्मेलन ह्यएक शाम कारपेंटरों के नामह्न का आयोजन शनिवार, 9 दिसंबर 2023, समय - दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक मालाड ( पश्चिम ) स्थित श्री धुड़मल बजाज हॉल में किया गया है। कारपेंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण विश्वकर्मा ने बताया कि मुख्य प्रायोजक ओजोन किचन और फर्नीचर फिटिंग्स और सह प्रायोजक यूरो एडहेसिव व जॉली बोर्ड लि. प्रायोजित इस समारोह में कारपेंटर भाइयों को भवन निर्माण व आंतरिक साज-सज्जा से जुड़े उत्पादों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि कारपेंटरों को समय- समय पर फर्नीचर निर्माण क्षेत्र में आ रहे नए उत्पादों की जानकारी देकर उन्हें प्रशिक्षित करने का काम संस्था कर रही है। इस कार्यक्रम की जोरों से तैयारियां चल रही हैं।

संस्था के महासचिव दिनेश विश्वकर्मा ने कहा कि विदेशों से आयातित फर्नीचर से कारपेंटर भाइयों के सामने रोजगार की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। हमें फर्नीचर निर्माण क्षेत्र में मजबूत प्रतियोगी बने रहने के लिए कारपेंटरों को सामयिक मार्गदर्शक के साथ ट्रेनिंग भी देनी होगी।

# सविता समाज द्वारा 29 वां दीपावली स्नेह मिलन समारोह संपन्न

## वरिष्ठ समाजसेवी मोहनलाल शर्मा की अध्यक्षता एवं युवा नेता संजय विद्यार्थी की उपस्थिति में भव्य आयोजन

**मुंबई,** महानगर की सुप्रसिद्ध सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान सविता समाज संस्था मुंबई के तत्वावधान में शनिवार दिनांक 2 दिसंबर 2023 राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ महात्मा गांधी सभागृह, भोईवाड़ा,परेल मुंबई में दीपावली स्नेह मिलन सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया।जिसकी अध्यक्षता मोहनलाल के शर्मा ने किया तथा मुख्य अतिथि के रूप में युवा नेता संजय विद्यार्थी (मा. राज्यमंत्री दर्जा 30 गौरा विधानसभा गोण्डा) उपस्थित थे।उक्त सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कदम कदम पर साप्ताहिक समाचार पत्र के संपादक छोटेलाल शर्मा, राष्ट्रीय कवि एवं पत्रकार विनय शर्मा दीप,पन्नालाल शर्मा प्रबंध निदेशक-से.इं.गार्ड फोर्स,श्रवण गोयल अध्यक्ष राजस्थानी सेन प्रगति मंडल, कलेक्टर शर्मा प्रबंध निदेशक एमके इंडस्ट्रियल,रामकृपाल शर्मा समाज सेवक,समाजसेवी रामसकल शर्मा, डॉ आर एल श्रीवास नेत्र चिकित्सक, भोजपुरी फिल्म अभिनेता पप्पू यादव, अरविंद शर्मा (सीए लखनऊ),श्रीमती निलीमा कसेलकर माझी नगरसेविका, एवं सत्कार मूर्ति के रुप में श्रीमती चित्रा पवार,श्रीमती आरती ठाकुर, डॉक्टर मंजू सभाजीत शर्मा, श्रीमती




अभिलाषा अशोक शर्मा,श्रीमती शीतल अनिल शर्मा उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र एस शर्मा प्रधानाचार्य एवं महामंत्री ने खूबसूरत अंदाज में की।अतिथियों में जननायक कपूरी ठाकुर सेवा समिति के पदाधिकारियों में हरिकेश शर्मा नंदवंशी,संतोष नि शर्मा,मनोज शर्मा, अनिल शर्मा,अमरनाथ शर्मा,बजरंगी रेगीवाल राजस्थानी प्रगति मंडल उपस्थित थे।समारोह मुख्य अतिथि संजय विद्यार्थी ने अपने वक्तव्य में समाज को एकसूत्र में बांधने की बात करते हुए कहा कि हम सभी को एकजुट होकर राजनैतिक भागीदारी, भाईचारा व शैक्षणिक महत्ता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है,तब जाकर हमारे समाज,देश व परिवार की दशा प्रगति पर होगी और हमारा सुधार होगा। उन्होंने सभी से निवेदन भी किया कि चाहे जहां,जिस भी राजनैतिक दल से कोई भी भाई चुनाव लड़ता है आप सभी तन,मन,धन से साथ दीजिए क्योंकि जब तक वह जीत कर नहीं आता तब तक सामाजिक सुधार संभव नहीं है। आयोजकों में दिनेश श्रीवास्तव, कमलेश वर्मा,सुरेन्द्र सविता,लालमन शर्मा,एड रमाशंकर शर्मा,संजय शर्मा,कपिलदेव शर्मा,रामकुमार वर्मा,अशोक वेदनाथ शर्मा,नागेन्द्र शर्मा,भरत श्रीवास,सुरेश डी शर्मा,आर एस शर्मा,बी आर शर्मा,एफ सी शर्मा, त्रिभुवन शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।उक्त कार्यक्रम में वापी से गीतकार संजय शर्मा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और राष्ट्रीय कवि एवं गीतकार विनय शर्मा दीप ने सामाजिक एकता पर गीत सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया तत्पश्चात जूनियर से लेकर डिग्री के बच्चों का मनोबल बढ़ाने हेतु पुरस्कृत किया गया।अंत में संस्था के न्यासी एडवोकेट व नोटरी बी एम शर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नर्सिंग के क्षेत्र में हैं अपार संभावनाएं- संध्या चंद्रसेन

## छत्तीसगढ़ स्कूल में दी गई नर्सिंग पर कैरियर गाइडेंस की जानकारी

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी (उपासना एजुकेशन ट्रस्ट) के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्कूल



में नर्सिंग प्रशिक्षण संबंधी कैरियर गाइडेन्स का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी की डॉयरेक्टर संध्या चंद्रसेन ने बताया कि नर्सिंग सेवा का आदर्श माध्यम है। इसमें रोजगार और जीविकोपार्जन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह कौशल प्रशिक्षण है और आप प्रशिक्षित होकर रोजगार हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नर्से हमेशा आवश्यक रहेंगी और उनके बिना स्वास्थ्य सेवाएं व सुविधाएं असम्भव हैं। वे इतनी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी को अंजाम देती हैं कि परिवार को भी भूल जाती हैं। हर समय, दिन-रात मरीजों की देखभाल में जुटी रहती हैं। संध्या चंद्रसेन ने कहा कि वैश्विक महामारी के दौरान भी नर्सों ने जी जान लगाकर अपनी भूमिका का सफल निर्वहन किया।

छत्तीसगढ़ स्कूल के प्राचार्य प्रशांत दिवाकर चिपड़े भी इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना की। छत्तीसगढ़ स्कूल से शिक्षिका अंजनी शर्मा भी उपस्थित रहीं।

संस्था की नर्सिंग प्रशिक्षिका मनीषा सैमुअल ने भी नर्सिंग में रोजगार के साधन पर अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर संस्था विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी के विद्यार्थियों के द्वारा भी अनुभव साझा किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी के विद्यार्थी प्रीति खांडे, लालिमा चौहान, राखी कुर्रे, ईशा लहरे, नैन्सी श्रीवास, मीनाक्षी खत्री उपस्थित रहे।

# पहल परिवार संस्थापक सदस्य डा.सुरेश सेन के भतीजी के शादी समारोह में पहुंचे समाज के तमाम नेता गण व अधिकारीगण

**प्रयागराज,** डा. सुरेश सेन के भतीजी पल्लवी सेन संग संदीप ठाकुर का शादी 3 दिसंबर को ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के कैंपस में बड़े धूम धाम से संपन्न हुआ शादी समारोह में पहुंचे समाज के तमाम नेता गण , वरिष्ठ समाज सेवक गण व अधिकारीगण,शादी समारोह में उपस्थितसभी लोगो ने दी वर बधू को आशीर्वाद स्वागत में



खड़े लड़की के पिताजी जगदीश शर्मा उप निरक्षक अधिकारी बृजेश कुमार, डा.सुरेश सेन ने सभी अतिथियों का स्वागत किए । महाराष्ट्र मुंबई से अनिल शर्मा सहित जो लोग शादी समारोह में नहीं पहुंचे वे लोग भी दोनो बच्चो को आशीर्वाद दी विदित हो की डा.सुरेश सेन के पिताजी श्री गयादीन सेन का स्वास्थ ठीक ना होने से निमंत्रण सभी जगह नही पहुंच पाया जिसके लिए सुरेश सेन सहित पूरा परिवार को इस बात के लिए कही ना कही कमी महसूस किए फिर भी जैसे जैसे लोगो को मालूम पड़ा सभी लोगो ने वर बधू को आशीर्वाद दी। कार्यक्रम में उपस्थित, राजेश शर्मा छात्र संघ अध्यक्ष, कमलेश शर्मा , सागर शर्मा, संतोष शर्मा, आनंद शर्मा, अनुज शर्मा, आदि लोग उपस्थित थे।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

### प्रधानमंत्री का दौरा

हिमाचल के लापचा में प्रधानमंत्री का दौरा राष्ट्रीय घटनाक्रम है, लेकिन कमोबेश ऐसी ही परिस्थितियों में हिमाचल के भी कई गांव और काम अपने हिस्से की दुरुहता बटोरते हैं। ऐसे में भले ही प्रधानमंत्री का यह दौरा संवेदनशील व सामरिक महत्त्व की प्रतीक्षा को आश्वस्त और सुरक्षा की समीक्षा करता हो, लेकिन प्रदेश हर रास्ते पर अपनी पादुकाएं बिछाए न जाने कब २से उनका इंतजार कर रहा है। जब से हिमाचल में डबल इंजन सरकार नहीं रही, पर्वतीय प्रदेश के लिए पीएमओ का व्यवहार और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं का सरोकार बदल गया है। लापचा कई मायनों में राष्ट्रीय शक्ति का प्रतीक है, लेकिन यहां पारिस्थिकीय स्थिति हिमाचल की विडंबनाओं को भी दशार्ती है। बेशक सीमांत क्षेत्रों के गांवों तक भारत सरकार रोड नेटवर्क को सशक्त कर रही है, लेकिन ऊंचे पहाड़ों से निकलती मौसमी आफत ने हमेशा ही देश के इस भूभाग को डराया है। इस बार की बरसात ने अपनी त्रासदी के भयंकर खंजर हमें दिए हैं, लेकिन दिल्ली से न कोई माकूल चिट्ठी और न ही संदेश आया।

अब भी हमारी दरख्वास्तें, लोगों की चीखें, खेत-बागीचों की बबार्दी का आलम, टूटते पुलों और गायब होती सडक की कहानियां केंद्र को अपनी व्यथा सुना रही हैं, लेकिन व्यथा का यह परिद्दश्य वहां दिखाई नहीं दिया। लापचा को सरहद पर देखना देशहित का कार्य है, तो लापचा को हिमाचल में देखना भी तो जरूरी है। लापचा में हिमाचल की भी नब्ज टटोली जा सकती थी क्योंकि सीमा की रक्षा में हर दिशा में हिमाचली रक्त भी बहता है। दुश्मन की हर सरहद पर शहादतों का आंकड़ा हिमाचल के हिस्से से लगभग तीस प्रतिशत जोड़ता है, तो इस बहादुरी का अर्थ प्रदेश से मुलाकात करा सकता है। कभी यही किस्से प्रधानमंत्री हिमाचल आकर सुनाते थे। तब सिड्डू भी गर्व महसूस करता था और कांगड़ा की चाय भी रंग जमाती थी। तब हिमाचली संदर्भों की उड़ान वाकई आसमान पर थी, तो क्या अब प्रदेश ने कोई गलती कर दी। क्या जिस जनता के कसीदे तब प्रधानमंत्री कभी मंडी या कभी शिमला में पढ़ा करते थे, वह अब दोषी हो गई। प्रदेश भाजपा की सत्ता से फिसल कर कांग्रेस को क्या मिला, दोषी जनता और जनता के सरोकार हो गए। वे तमाम नदियां दोषी हो गईं जो हिमाचली दर्द को बटोर कर देश के बड़े बांधों के जरिए मैदानी इलाकों को सींचती या बिजली पैदा करके भविष्य को निरंतरता के साथ रोशन करती रही हैं। क्या वे सारी धामें, खाद्य व्यंजन, उपज, तरक्की और राष्ट्र के प्रति हिमाचल का समर्पण भी दोषी हो गया। क्या प्रधानमंत्री के इंतजार में बिछाई गई पादुकाएं सियासी हो गईं या प्राकृतिक आपदा में हिमाचल के आंसू अब बेमतलब हो गए।याद करें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव से पूर्व दर्जन भर दौरे, संबोधन और आश्वासन जो हमारे हर सूर्योदय में शरीक होते थे, लेकिन अब लगता है कि सियासी ग्रहण से ओतप्रोत भावनाएं, भाव भंगिमाएं दिखा रही हैं। क्या कमाल है देश का संघीय ढांचा और लोकतंत्र का लबादा कि हर हिसाब-किताब, दर्द और इम्तिहान भी चुनावी या सियासी हो गया। क्या सुक्खू सरकार अवैध है कि प्रधानमंत्री अपने रिश्तों की फेहरिस्त भूल गए या हमारा दर्द फर्जी है जो मानवीय चीखें दिल्ली में हार गईं। ऐसे में हिमाचल भाजपा या भाजपा के नेताओं से क्यों न पूछा जाए कि प्रदेश के संघर्ष में उनकी भूमिका आखिर अब है कहां।

# सगाई (गोदभराई) की रस्म में सामाजिक संगठनों के मुखिया का अभूतपूर्व स्वागत-सत्कार

**भदोही :** उत्तर प्रदेश का भदोही जनपद जहां कालीन निर्माण के लिए प्रसिद्ध है, वहीं अतिथियों के स्वागत-सत्कार के लिए भी बखूबी जाना जाता है। वैसे उत्तर प्रदेश का पूर्वांचल अपनी मिठास भरी बोली के लिए भी चर्चित है। दिनांक 29 नवम्बर 2023 को भदोही के मोढ़ क्षेत्र के वरमोहनी ग्राम निवासी राजेश शर्मा पूर्व प्रधान की पुत्री आंचल शर्मा की सगाई (गोदभराई) की रस्म में महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (एम.डब्ल्यू. ओ.) के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा अमेठी से तथा भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा जौनपुर से चलकर इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे जहां पर बहुत ही गर्मजोशी से दोनों नेताओं का भव्य स्वागत सत्कार किया गया। स्वागत की ऐसी अभिभूत कर देने वाली कला को देखकर मैं स्वयं हतप्रभ रहा दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर कार्यक्रम स्थल में प्रवेश किया।



पारिवारीजनों ने सभी आगंतुकों का रोली-टीका लगाकर व पुष्प-माला पहनकर स्वागत किया। बताते चलें कि राजेश शर्मा बहुत ही मिलनसार व जनप्रिय प्रतिनिधि हैं। वह अपनी ग्राम पंचायत में प्रधान पद को सुशोभित कर चुके हैं। वर्तमान समय में भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के भदोही जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी हैं। आपके स्वर्गीय पिताजी भी अच्छे गायक कलाकार थे। राजेश जी के समधी सुरेश कुमार का स्वागत समाज के सभी गणमान्य लोगों ने माला पहनाकर किया। राजेश शर्मा का हृदयस्पर्शी स्वागत देखकर यही कहा जा सकता है किरंग फीके पड़ गए सारे गुलाल के स्वागत में रख दिया था कलेजा निकाल के।

भदोही के जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने आए हुए सभी सम्मानित पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर एम डब्ल्यू ओ के प्रांतीय सचिव उदय राज शर्मा, अमेठी जिला सचिव दिनेश कुमार शर्मा एवं भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के युवा अध्यक्ष राकेश शर्मा, संस्था संरक्षक प्रेमशंकर शर्मा, मंडल अध्यक्ष वाराणसी अवधेश शर्मा, पूर्व प्रधान लक्ष्नधारी शर्मा, जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा, बच्चन शर्मा (बाबू जी),डाक्टर कलंदर शर्मा, संस्था संरक्षक एवं कदम-कदम पर साप्ताहिक अखबार के सह संपादक अनिल शर्मा जी के प्रिय भतीजे सुनील शर्मा, नरेंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा,राकेश शर्मा, प्रभाशंकर शर्मा, डाक्टर उदयराज शर्मा, विशाल शर्मा, एडवोकेट धीरज शर्मा, डाक्टर रजनीश शर्मा, डाक्टर उमेश शर्मा,एडवोकेट अखिलेश शर्मा,अजीमुल्ला सलमानी सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राहुल शर्मा को पुत्र प्राप्ति पर संस्था से सभी लोगो ने दी बधाई

**जौनपुर**,बड़े हर्ष की बात है की भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा



समिति के संस्था अध्यक्ष* श्री दिनेश चंद्र शर्मा की ज्येष्ठ पुत्री खुशबू शर्मा पत्नी राहुल शर्मा को कल दिन शुक्रवार दिनांक 01/12/2023 को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुआ है जिसके लिए भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा सिमिति संस्था की पूरी टीम की तरफ से दिनेश चंद्र शर्मा के पूरे परिवार एवं बिटिया खुशबू दामाद राहुल जी को एवं परिवार को कोटी कोटी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया शुभकामनाएं देने वालो की ताता लगा रहा जिसमे नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा. संस्था प्रभारी /मुख्य सचिव, अवधेश शर्मा, मुन्ना शर्मा ,मनोज शर्मा, अशोक शर्मा, सहित अनिल शर्मा मुंबई से भी दी शुभाकनाएं.

# एम डब्ल्यू ओ ने गोल्ड मेडलिस्ट करिश्मा सेन को किया सम्मानित करिश्मा सेन ने अमेठी जनपद के गौरव को बढ़ाया - श्रीकांत शर्मा

**मुसाफिरखाना, अमेठी** : राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या की टॉपर ह्यगोल्ड मेडलिस्टह्ल बेटी करिश्मा सेन को सामाजिक संगठन महापद्मनंद वेलफेयर



ऑर्गेनाइजेशन (एम.डब्ल्यू. ओ.) ने सम्मानित किया। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ आज करिश्मा सेन के गांव पूरे कनपुरियन पहुंचकर समाज को गौरवान्वित करने वाली बेटी को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिन्ह व मिठाई देकर सम्मानित किया तथा बेटी की मां बिंद्रा देवी व पिता धर्मराज सेन का पांव छूकर सम्मान किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि,''प्रतिभाएं किसी एक समाज की नहीं बल्कि संपूर्ण राष्ट्र और समाज की धरोहर होती हैं। प्रतिभाओं के सम्मान से समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है। हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए.पी. जे. अब्दुल कलाम कहा करते थे, सपने वो नहीं होते हैं, जो नींद में देखे जाते हैं, सपने वो होते हैं जो आपको सोने न दें। करिश्मा सेन ने डॉक्टर कलाम के शब्दों से प्रेरणा लेते हुए अपने सपने को हकीकत में बदलने के लिए दिन-रात पढ़ाई की और यह मुकाम हासिल किया। आज आपके परिश्रम की खुशबू चारों ओर फैल रही है। कठिन संघर्ष और पारिवारिक परेशानियों के बीच आपने जो यह मुकाम हासिल किया है वह वाकई में अनुकरणीय व वन्दनीय है।''

जिलाध्यक्ष श्रीकांत शर्मा ने बुके देकर करिश्मा सेन का अभिनंदन करते हुए कहा कि,''आपकी इस उपलब्धि से आपके गांव के साथ-साथ पूरा अमेठी जनपद गौरवान्वित हुआ है, हम आपके स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हैं।'' बताते चलें कि अभी हाल ही में विलक्षण प्रतिभा से युक्त मेधावी छात्रा कु.करिश्मा सेन सुपुत्री धर्मराज सेन निवासिनी ग्राम- पूरे कनपुरियन, पोस्ट- पिण्डारा, तहसील- मुसाफिरखाना जनपद- अमेठी को कमला नेहरू इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी सुलतानपुर में अध्यनरत रहते हुए एम.एस.सी. (परास्नातक) परीक्षा पर्यावरण विज्ञान से डा.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के संस्थागत छात्रों में सर्वाधिक अंक अर्जित करने पर कुलपति महोदय द्वारा सर्वोच्च सम्मान (स्वर्ण पदक) द्वारा सम्मानित किया गया था। आज इस अवसर पर बधाई देने वालों में समाज व संगठन के गणमान्य लोगों में प्रांतीय महासचिव शिवदयाल शर्मा, सचिव उदय राज शर्मा, तहसील अध्यक्ष मुसाफिरखाना लाल बहादुर शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य अरविन्द शर्मा, जिला सचिव दिनेश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मुसाफिरखाना प्रवीन शर्मा, सचिव प्रविन्द कुमार शर्मा,उपाधक्ष शिवपूजन शर्मा, सर्वेश कुमार शर्मा, संदीप कुमार शर्मा, जालिपा शर्मा, हनुमान प्रसाद शर्मा, गजराज यादव, मोहनलाल पाल, चंद्रेश शर्मा आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# अजय शर्मा युवा नेता व क्षेत्र पंचायत सदस्य आलमगंज का क्षेत्रीय दौरा संपन्न हुआ

**जौनपुर,** अजय शर्मा युवा नेता व क्षेत्र पंचायत सदस्य (बी. डी. सी) आलमगंज ने 3दिसंबर को एक दिवसीय क्षेत्रीय दौरा किए जिसमे ग्राम सभा मलाई में रामनीहोर शर्मा वरिष्ठ समाज सेवक से शिष्टाचार मुलाकात कर सामाजिक चर्चा किए और समाज को जोड़ने के लिए कई महत्त्व पूर्ण विषयो पर चर्चा किए और कहा की जब तक हमारा समाज एक नही होगा तब तक हम लोग समाज को जगाने का काम करेगे। अजय के साथ मदन शर्मा वरिष्ठ समाज सेवक आलमगंज के लड़के सोनू शर्मा साथ रहे सोनू शर्मा ने कहा आलमगंज में अपने समाज का वर्चस्व बहुत बड़ा है जो बुजुर्गो के समय से चला आ रहा है उस वर्चस्व को कायम रखने के लिए



मदन शर्मा समाज के दुख और सुख में हमेशा खड़े है और आगे भी खड़े रहेंगे।अजय शर्मा ने कहा बुजुर्गो के मान सम्मान को और आगे बढ़ाने के लिए हम युवाओं को आगे लायेगे ताकि समाज एक जुट हो सके ।

# !!! ज्ञानार्जन !!!

अगर दुख पर ध्यान केंद्रित करेंगे तो सदैव दुखी रहेंगे, और अगर सुख पर ध्यान केंद्रित करेंगे तो सदैव सुखी रहेंगे। अर्थात जिस पर हमारा ध्यान अधिक केंद्रित होगा, वही चीज सक्रिय होगी और हमारी जीवन चर्या में प्रवेश करेगी। यही प्रकृति का नियम है!

हमारे भीतर प्रेम है, तो बाहर प्रेम ही प्रस्फुटित होगा। हमारे भीतर क्षमा है, तो बाहर क्षमा ही निकलेगी। हमारे भीतर ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार का कचरा भरा है, तो बाहर वही निकलेगा। अतः हमारे भीतर से जब भी ऐसा कुछ बाहर निकले, तो हमें दूसरों को दोष नहीं देना चाहिए। यह हमारी ही संपदा है, जिसे हम अपने भीतर छिपाए रहते हैं।

अच्छा सोचें, अच्छा बोलें, अच्छा करें, क्योंकि सब कुछ वापस लौटकर अपने ही पास आना है।

दो अक्षर की मौत और तीन अक्षर के जीवन के बीच ढ़ाई अक्षर का प्रेम सदाबहार रहता है!

॥ जय श्रीकृष्ण ॥

# आकांक्षा शर्मा को एम0एड0 में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल द्वारा सम्मानित किया गया

**कदम कदम पर संवाददाता**

**संत कबीर नगर** – सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर की होनहार छात्रा आकांक्षा शर्मा पुत्री बलदाऊ शर्मा ओएसडी जिला अधिकारी संतकबीर नगर ने एम, एड, मे प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल पहनकर सम्मानित किया गया।




इस खुशी की बेला पर महापदमनंद वेलफेयर आगेर्नाईजेशन (एम. डब्ल्यू. ओ) के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति जौनपुर के संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा, राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राम भवन शर्मा, पहल परिवार प्रयागराज के मुखिया डॉक्टर सुरेश सेन, कदम कदम पर साप्ताहिक अखबार के सह संपादक अनिल शर्मा सहित सिद्धार्थ नगर के समाज सेवी घनश्याम शर्मा आदि ने छात्रा के पिता व छात्रा को इस उत्कृष्ट कार्य करने के लिए, बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सैलून संघ अध्यक्ष विनोद शर्मा बदलापुर के सासू मां के स्वास्थ की जानकारी लेने पहुंचे संस्था अध्यक्ष दिनेश शर्मा

जौनपुर, भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था सैलून संघ अध्यक्ष विनोद शर्मा बदलापुर के सासू मां ग्राम मलिकानपुर मडियाहू जिनका ऑपरेशन के समय दो यूनिट ब्लड संस्था द्वारा दिया गया जो स्वस्थ होकर घर आई जिनका



हाल समाचार जानने के लिए आशीर्वाद लेने संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा उनके निवास स्थल पर पहुंचे और संस्था के सभी पदाधिकारियों ने भगवान से प्राथना की उनकी स्वास्थ जल्द से जल्द ठीक हो और अपने परिवार के साथ हसी खुशी रहे।

# शिक्षा जीवन की अनमोल धरोहर -मेजर वीके सिंह

## बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोहा

**(शिवा शर्मा)**

**चुनार।** दुर्गा जी मोड़ स्थित द रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल का रविवार को वार्षिकोत्सव "सप्तरंग 2023" धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेजर वीके सिंह, स्कूल चेयरमैन डॉ एस0के0सिह, डायरेक्टर श्रीमती कुसम सिंह सचिव रवि कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं ने सरस्वती व गणेश वंदना से किया। तत्पश्चात नन्हें बच्चों ने पापा मेरे पापा, बम बम भोले, पेड बचाओं गीत पर नृत्य की प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया।वहीं सीनियर वर्ग के छात्र छात्राओं ने राधा कृष्णा की झांकी पर नृत्य, मोबाइल के साइड इफेक्ट पर आधारित नृत्य एक चतुर नार (हास्य नृत्य ), अंधेर नगरी चौपट राजा लघु नाटक, पंजाबी नृत्य व एक भारत श्रेष्ठ भारत पर समूह डांस के साथ ही महिला सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति की जिसकी उपस्थित लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा किया। कार्यक्रम के दौरान ही प्रिसिंपल संजय कुमार श्रीवास्तव ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि मेजर वीके सिंह ने कहा कि शिक्षा जीवन की अनमोल धरोहर है,इसे जितना आप दूसरों में बाटेगें उतना ही आपका ज्ञान बढ़ेगा। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान मेघनाथ सिंह, गीता सिंह, संध्या सिंह, डॉ सपना सिंह, दिलीप कुमार सिंह रजत एजुकेशनल सोसाइटी के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्र आर्दश व छात्रा वर्तिका ने किया



चुनार के द रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव में गणेश वंदना पर नृत्य करती छात्राएं।



चुनार के द रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव में पापा मेरे पापा गीत पर नृत्य करते नन्हें बच्चें ।

# नवांकुर साहित्यकारों का प्लेटफार्म है नवकुंभ-योगी



**मुंबई,** साहित्यिक,सामाजिक,सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक राष्ट्रीय संस्था नव कुंभ साहित्य सेवा संस्थान के तत्वावधान में रविवार दिनांक 3 दिसंबर 2023 को आनलाइन वर्चुअल ब्रॉडकास्ट के माध्यम से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता अनिल कुमार राही ने की तथा मंच संचालन संस्थापक प्रीतम श्रावस्तवी एवं उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष योगेश बहुगुणा योगी ने की।कार्यक्रम का खूबसूरत आयोजन संरक्षिका ममता राजपूत हीर,संयोजन उप सचिव सीमा नयन ने की। संस्था के राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी विनय शर्मा दीप ने बताया कि उक्त कवि सम्मेलन में आमंत्रित साहित्यकारों में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुणे से राकेश श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश से आसिफ मिर्जा, जयपुर राजस्थान से रेनू शब्द मुखर एवं मुंबई से युवा कवियत्री अंकिता पीयूष मुख्य रूप से उपस्थित थे। उपस्थित सभी साहित्यकारों ने सुंदर रचनाओं की प्रस्तुति से सभी श्रोता को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन करते हुए योगेश बहुगुणा योगी ने अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह संस्थान युवा साहित्यकारों हेतु एक प्लेटफार्म है जिसका निर्माण पदाधिकारियों ने की है।

# नरायनपुर ब्लाक में दिब्यागजनों को उपकरण दिए जाने हेतु शिविर लगाया गया

**(शिवा शर्मा)**

**चुनार।** नगर स्थित नरायनपुर ब्लाक परिसर में सोमवार को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के दिब्यागजनों एवं वृद्धजनों को निःशुल्क से सहायक उपकरण हेतु परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। पंजीयन हेतु उन्हें आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो दिब्यगता प्रदर्शित फोटो, यूडीआईडी कार्ड राशन कार्ड, आय जाति एवं निवास प्रमाण लेकर आना था। आवश्यक कागजातों को लेकर दिब्यागजन स्वयं व अपने सहयोगियों के साथ शिविर में पहुचें और पंजीयन कराया। पंजीयन के उपरांत उपकरण वितरण कंपनी एलिम्को टीम द्वारा दिब्यागजनों को देखकर उनके जरूरत मुताबिक उपकरण दिए जाने हेतु चिन्हित कर पंजीकृत किया गया। शिविर में आफलाइन जारी दिब्यांग प्रमाण को आन लाइन किए जाने, नए दिब्यांग अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र जारी करने के लिए चिकित्सकीय परीक्षण की भी व्यवस्था थी। हालांकि जिले से आने वाली चिकित्सकीय टीम के लगभग दो घंटे विलंब से पहुचनें के कारण दिब्यांगजन चिकित्सकीय परीक्षण के लिए इधर उधर भटकते रहे।शिविर में सैकड़ों से अधिक महिला पुरूष बच्चों का परीक्षण कर उन्हें उपकरण हेतु चिन्हित किया गया। शिविर में चिकित्सकीय टीम के साथ खंड विकास अधिकारी, नगर पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद अधिशासी अधिकारी राजपति बैस सहित अन्य ब्लाक व पालिका कर्मी मौजूद रहे।




चुनार ब्लाक में लगे दिब्यागजन शिविर में नगर पालिका के पंजीकरण काउंटर पर पालिका कर्मियों के साथ पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद व अधिशासी अधिकारी राजपति बैस ।

**महाराष्ट्र शासन**

कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय

कार्यकारी अभियंता, दक्षिण मुंबई विद्युत विभाग यांचे कार्यालय

बांधकाम भवन, पहिला मजला, मर्झबान रोड,फोर्ट, मुंबई -400001

Email- elsouthmumbai.ee@mahapwd.gov.in, दुरध्वनी क्र-22008448

दरपत्रके मागविण्याबाबतची सूचना क्र. ३० सन २०२३-२४

कार्यकरी अभियंता, दक्षिण मुंबई विद्युत विभाग सार्वजनिक बांधकाम विभाग मुंबई ०१ हे खालील कामांसाठी /विविध सहित्यांसाठी/बाबींसाठी/ अंदाजपत्रके /दर अनुसूची तयार करण्यासाठी मूळ उपकरण निर्माता (OEM) अधिकृत अभिकरणाकडून स्पर्धात्मक दर मागवित आहे.

सदर बाबींचा तपशील http://mahapwd.gov.in या संकेत स्थळावर **दि. ०४.१२.२०२३ ते दि.** ११.१२.२०२३, १७.३० वाजेपर्यंत Online उपलब्ध रहतील. सदर मुळदरपत्रके कार्यालयीन वेळेत कार्यकारी अभियंता,दक्षिण मुंबई विभाग, मुंबई येथे कार्यालयात जमा करावीत. सदर दरपत्रके शक्यतो **दि.** १२.१२.२०२३ रोजी सकाळी ११.०० वाजता उघडण्यात येतील. सदर बाबींचे तांत्रिक तपशील वरील संकेत स्थळावर व या कार्यालयात उपलब्ध राहतील. अटी व शर्ती असलेले दरपत्रके स्वीकारली जाणार नाही.

| Sr No. | Name of Work |
|---|---|
| 1 | **Est. No. OW/C/HA/6260/2023-24** Providing renovation of LAN with active & passive components at High Court Main and Annex Building and at server room at Bombay High Court, Fort, Mumbai 400 032 |

**Note : - Please visit to www.mahapwd.gov.in in notice inviting tender page for detail item description.**

अटी :-

१ दरपत्रके सीलबंद पाकीटात व कंपनीच्या नाममुद्रीत पत्रावर सादर करावीत. वर नमुद केलेल्या दिनांक व वेळेनंतर दरपत्रके स्वीकारण्यात येणार नाहीत.

२ नमुद केलेले दर हे ९0 दिवस ग्राह्य राहतील.

३ कोणतेही दरपत्रक कोणतेही कारण न देता नामंजुर करण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, द.मुं.वि.वि. यांनी राखून ठेवलेला आहे.

४ वरील दर भरताना जी.एस.टी. दर वगळुण नमुद करावा. अंदाजीत रक्कमेवर नमुद केलेल्या दरानुसार आलेल्या रक्कमेवर १८% नुसार जी.एस.टी. देय राहील.

५ दर पत्रके सादर करतांना संबंधित अभिकारणाने मूळ उपकरण निर्माता (OEM) यांचे सदर कामासाठी अधिकृतता प्रमाणपत्र जोडणे अनिवार्य आहे.

जा.क्र.काअ/दमुविवि/ ६0८५ /२०२३
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय
दक्षिण मुंबई (विद्युत) विभाग,
सा. बां. विभाग, बांधकाम भवन,
पहिला मजला, मुंबई – 400 001
दि. २८/११/२०२३

(संभाजी घोरपडे)
कार्यकारी अभियंता,
दक्षिण मुंबई विद्युत विभाग,
सा.बां.विभाग, मुंबई

प्रत:- मा.अधीक्षक अभियंता (विद्युत) सा. बां. मुंबई प्रादेशिक विद्युत विभाग, मुंबई यांना माहितीकरीता सविनय सादर.

प्रत - उप अभियंता, शहर विद्युत उपविभाग यांना माहितीकरीता रवाना.

प्रत– नस्ती / जाहिरात फलक विभाग कार्यालय

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C५३०४

# नवनिर्वाचित विधायक मा. रितेश सैन को बधाई देते हुए अनिल शर्मा ने कहा अब राजनीति में भी उजियारी छायी

**वैशाली,** भाइयो बहनो मित्रो साथियो अति हर्ष का समाचार है कि हमारे समाज के भाई श्री रितेश सैन जी छत्तीसगढ़ प्रदेश के वैशाली नगर से बीजेपी विधायक निर्वाचित हुए हैं में उनकी मेहनत लगन और कर्मठता की हृदय से प्रशंशा करता हूँ



जन नायक कपूर्री ठाकुर जी के बाद ये देश की राजनीति मे दूसरा महत्व पूर्ण अवसर है अब तक राजनेतिक पार्टियां हमारे समाज को सिर्फ फॉर्मल्टी के तौर पर टिकिट देकर अपना पल्ला झाड़ती रही हैं लेकिन विश्वकी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बीजेपी ने हमारे भाई को टिकिट देकर पूरे मनोयोग से उनकी जीत सु निश्चित करायी है इसके लिये हमारा सविता सैन नाई समाज बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व का आभारी रहेगा. हमारे भाई की विजय ने हमारे समाज के अन्य भाइयों के लिये अब राजनीति में और ज्यादा अवसर पैदा कर दिये हैं ये अत्यंत हर्ष की बात है। आप सभी के साथ में अपने समाज के भाई और वैशाली नगर विधायक माननीय रिकेश सैन जी को बहुत बहुत बधाई और हार्दिक शुभ कामनाओं के साथ उनके उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना करता हूँ।

**कदम कदम पर** परिवार की तरफ से हार्दिक शुभेच्छा!




मराठवाडा साहित्य समेलन, गंगापुर में जेष्ठ कवियत्री सौ लिलाताई शिंदे इनके साथ महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक पवार khandalkar




विधायक रिकेशजी सेन इन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं अभिनन्दन।।
महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के सभी मान्यवर पदाधिकारी।।

# नरायनपुर ब्लाक में दिब्यागजनों को उपकरण दिए जाने हेतु शिविर लगाया गया

(शिवा शर्मा)

**चुनार।** नगर स्थित नरायनपुर ब्लाक परिसर में सोमवार को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के दिब्यागजनों एवं वृद्धजनों को निःशुल्क से सहायक उपकरण हेतु परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। पंजीयन हेतु उन्हें आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो दिब्यगता प्रदर्शित फोटो, यूडीआईडी कार्ड राशन कार्ड, आय जाति एवं निवास प्रमाण लेकर आना था। आवश्यक कागजातों को लेकर दिब्यागजन स्वयं व अपने सहयोगियों के साथ शिविर में पहुचें और पंजीयन कराया। पंजीयन के उपरांत उपकरण वितरण कंपनी एलिम्को टीम द्वारा दिब्यागजनों को देखकर उनके जरूरत मुताबिक उपकरण दिए जाने हेतु चिन्हित कर पंजीकृत किया गया। शिविर में आफलाइन जारी दिब्यांग प्रमाण को आन लाइन किए जाने, नए दिब्यांग अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र जारी करने के लिए चिकित्सकीय परीक्षण की भी व्यवस्था थी। हालांकि जिले से आने वाली चिकित्सकीय टीम के लगभग दो घंटे विलंब से पहुचनें के कारण दिब्यांगजन चिकित्सकीय परीक्षण के लिए इधर उधर भटकते रहे।शिविर में सैकड़ों से अधिक महिला पुरूष बच्चों का परीक्षण कर उन्हें उपकरण हेतु चिन्हित किया गया। शिविर में चिकित्सकीय टीम के साथ खंड विकास अधिकारी, नगर पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद अधिशासी अधिकारी राजपति बैस सहित अन्य ब्लाक व पालिका कर्मी मौजूद रहे।




चुनार ब्लाक में लगे दिब्यागजन शिविर में नगर पालिका के पंजीकरण काउंटर पर पालिका कर्मियों के साथ पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद व अधिशासी अधिकारी राजपति बैस ।


॥ ॐ सविताय नमः ॥

अ.भा. सविता महासंघ

स्थापना : २९-१-१९९९

पंजीकृत क्रमांक : १२५/९९ जी.बी.बी.एस.डी.,मुंबई
पब्लिक ट्रस्ट, एफ २११०५ मुंबई

## अखिल भारतीय सविता महासंघ

॥ दिप्तीबाबू सेमुआ अमर रहें ॥

## वार्षिक स्नेह सम्मेलन

शनिवार १६ दिसंबर २०२३ | समय : शाम ३ से ८.३० बजे रात तक

स्थल

सारस्वत वाडी, झवेर रोड, मुलुंड (पश्चिम),
नियर मुंलुड स्टेशन, मुंबई -८०.

प्रिय मान्यवर,
आपको आमंत्रित करते हुए परम हर्ष हो रहा है कि पिछले वर्षो की भॉति इस वर्ष भी वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया है,
अतः आप सभी स्वजातीय भाईयो ब बहनो से निवेदन है कि कार्यक्रम मे समय पर पधारकर कार्यक्रम की गरिमा बढाये।

✻ समारोह मुख्य अतिथी ✻
कलेक्टर शर्मा गोरेगांव उद्योगपती
✻ कार्यक्रम अतिथी ✻
श्री राजेश शर्मा भिमंडी उद्योगपती
✻ कार्यक्रम अध्यक्ष ✻
श्री. जे. पी. शर्मा (अखिल भारतीय सविता महासंघ)

॥ ॐ सविताय नमः ॥

अ.भा. सविता महासंघ

स्थापना : २९-१-१९९९

पंजीकृत क्रमांक : १२५/९९ जी.बी.बी.एस.डी.,मुंबई
पब्लिक ट्रस्ट, एफ २११०५ मुंबई

24 वाँ वार्षिक वर्ष



॥ दिप्तीबाबू सेमुआ अमर रहें ॥

## वार्षिक स्नेह सम्मेलन

शनिवार १६ दिसंबर २०२३ | समय : शाम ३ से ८.३० बजे रात तक

स्थल

सारस्वत वाडी, झवेर रोड, मुलुंड (पश्चिम),नियर मुंलुड स्टेशन, मुंबई -८०.

## अखिल भारतीय सविता महासंघ

पत्र - व्यवहार कार्यालय : शॉप नं.१, शंकर सदन, पी.एन.रोड, फरीद नगर, भांडुप (प.), मुंबई - ४०० ०७८.
www.absmahasangh.com

सभी से निवेदन हैं कि सभी सह परिवार औंर बच्चों के साथ आये समय पर पहुचने की कृपा करे।

✤ विशिष्ट अतिथी ✤

श्री.ओम प्रकाश सविता(संस्थापक) पुर्व कार्याध्यक्ष अ.भा.स.महासंघ
श्री.छोटेलाल शर्मा (प्रधान संपादक) कदम कदम पर समाचार पत्र
श्री.हरिशंकर शर्मा (उपसंपादक) कदम कदम पर समाचार पत्र
श्री.जगदीश शर्मा (नालासोपारा)उपशाखा प्रबंधक यस बैंक
श्री.सुनील श्रीवास्तव (समाज सेवक कल्याण)

✤ सत्कार मूर्ति ✤
श्री.सुधीर बद्री ठाकुर- लघु उद्योगपती (भांडुप)
श्री.डॉक्टर नंदलालजी शर्मा – अध्यक्ष,उत्तरप्रदेश अखिल भारतीय सविता महासंघ

✤ सक्रिय कार्यकर्ता ✤

श्री बाबूशंकर परदेशी (इगतपुरी)
श्री अनुप कुमार शर्मा (टिटवाला)
श्री दिलीप शर्मा (टिटवाला)
श्री राम नगीना शर्मा (बदलापुर)
श्री महादेव शर्मा (उल्हास नगर)
श्री राजेश कुमार शर्मा (कल्याण)
श्री.राजेश शर्मा (मलाड)
श्री लालजी शर्मा (डोंबिवली)
श्री अशोक शर्मा (कलवा)
श्री राजकुमार शर्मा (कलवा)
श्री दीपनारायण शर्मा (कलवा)
श्री.मन्तलाल शर्मा (पनवेल)
श्री सुरेन्द्र शर्मा (ठाणे)
श्री जोगेन्द्र शर्मा(मुलुंड)
श्री राकेश शर्मा (मुलुंड)
श्री अशोक शर्मा (उल्लासनगर) पत्रकार
श्री आत्मा प्रसाद शर्मा (भांडुप)
श्री सत्यनारायण ठाकुर (बदलापुर)
श्री रविंद्र शर्मा (अध्यापक) पवई
श्री संतोष कुमार शर्मा (नालासोपारा)
श्री ओम प्रकाश बेचई प्रसाद शर्मा (भांडुप)
श्री राजु शर्मा (थाने)
श्री संजीव ठाकुर (भांडुप)
श्री प्रहलाद शर्मा (विक्रोली)
श्री योगेन्द्र सेमुआ (घाटकोपर)
श्री योगेश सेमुआ (घाटकोपर)
श्री राहुल विमलकुमार शर्मा (नालासोपारा)
श्री सुशील रामचन्द्र शर्मा (नालासोपारा)
श्री राजेश शर्मा (जोगेश्वरी)
श्री जय नाथ शर्मा (जोगेश्वरी)
श्री संजय शर्मा (सांताक्रुज)
श्री धमेन्द्र शर्मा (सांताक्रुज)
श्री प्रमोद शर्मा (साकीनाका)
श्री कमलाप्रसाद शर्मा (सांताक्रुज)
श्री सतीश शर्मा (खार)
श्री मनोज शर्मा (पत्रकार) (चर्नीरोड)
श्री निलेश शर्मा (नालासोपारा)
श्री सचिन कुमार शर्मा (नालासोपारा)
श्री अजय शर्मा (जोगेश्वरी)

श्री अनन्तलाल शर्मा समाज सेवक - निरंकारी (डोंबीवली.प)
फोन : 8108398430 / 8291226010
फिरतू शर्मा /शर्मा प्रिंटर्स (घाटकोपर) 9322899676

❈ सम्मानित अतिथि ❈

श्री सत्यपाल श्रीवास्तव (समाजसेवी) सीवुड, एडवोकेट कैलाश शर्मा (मलाड)
श्री.केशवलाल रुपनाथ शर्मा (थाना), श्री. महिपाल सिंह (घाटकोपर) समाजसेवी
श्री.सुर्यकांत वर्मा - समाजसेवक (दादर), श्रीमती संगीता ज्ञान मुर्ती शर्मा (नगर सेवक)
श्री.जयपालजी शर्मा,आशापुरा ड्रायफ्रूट, अमरनाथ शर्मा (पुणे)
श्री.शैलेंद्र वर्मा - अध्यक्ष - (नाई समाज सेवा संघ पुणे) श्री.आलोक शास्त्री (समाजसेवक-वाराणसी)
श्री मनोज बी.ठाकुर (संपादक) मैट्रो टुडे समाचार भांडुप) श्री मुकेश जे.शर्मा (मलाड),
श्री कपुर चन्द्र परिहार - अध्यक्ष राजस्थानी सेन मंडल ,एडवकेट श्री शैलेस कदम (थाना)
श्री. धिरज विजय सिंह परदेशी (कल्यान) उद्योगपती, श्री.हरिशंकर शर्मा वर्ली (मुंबई)
श्री प्रसिध्दी ठाकुर बिल्डर (बदलापुर) श्री.डॉ.दीनानाथ शर्मा (प्रोफेसर) अहमदाबाद
श्री.रविद्रनाथ एस.शर्मा (प्रधानाचार्य व महामंत्री) सविता समाज संस्था
श्री.सुशील कुमार शर्मा (पुणे), रंजना लक्ष्मीकांत शर्मा (सीएनएस,पश्चिम रेल्वे),

❈ विशेष अतिथि ❈

श्री.अशोक उमाशंकर शर्मा (थाना)(उद्योगपती),श्री.श्यामबाबु शर्मा (कल्याण)
श्री.वाय.के शर्मा - उद्योगपति कांदिवली, श्री.एस.आर श्रीवास - नेत्रविशेषज्ञ
श्री रामसकल शर्मा - गोरेगाव, श्री.रामकृपाल शर्मा - (बोरीवली)
श्री.जीतेन्द्र शर्मा - भारतीय जनकल्याण मंडल सेक्रेटरी (मुलुंड)
श्री.कमल पवार अध्यक्ष राजस्थानी सेन प्रगती मंडल (मुंबई)
श्री.विनय शर्मा दीप-राष्ट्रीय कवि,पत्रकार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष- ज.न.ना.कर्पूरी ठाकुर (सेवासमिती)

❈ आधारस्तंभ ट्रस्टीगण ❈
स्व. दिप्ती बाबू सेमूआ, स्व. श्री. जमूना प्रसाद शर्मा, स्व. जयनाथ शर्मा, श्री उमाशंकर शर्मा, जे.पी शर्मा, (भांडुप) प्रहलाद शर्मा (चेंबूर), शिवप्रसाद रामफेर शर्मा (नेरुल) श्री. अनिल शर्मा (चर्नी रोड)

विनीत

| अध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | कार्याध्यक्ष | महासचिव |
|---|---|---|---|
| जे.पी.शर्मा | राकेश सेमुआ | अनन्त लाल शर्मा | अशोक शर्मा |
| उपाध्यक्ष | उपकोषाध्यक्ष | सचिव | उपसचिव |
| रामजीत वर्मा | नवनीश शर्मा | बी.पी.शर्मा | मंजू बी सराठे |

सामाजिक मसीहा - स्व.बेचई प्रसाद शर्मा अमर रहे...


यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com